**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 12.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के एक शिष्टमंडल ने भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्य में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम खोलने की आवश्यकता पर चर्चा की।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची स्थित प्रोजक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में उर्जा, जलसंसाधन, पंचायती राज विभाग समेत कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी मिली।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी, जुलूस मार्गों के सत्यापन और शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अवैध शराब और मादक पदार्थों पर छापेमारी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के आदेश दिए। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि आने वाले त्योहारों में विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि होली और गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पिछले साल 13 हजार 5 सौ 23 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। लोकसभा में श्री वैष्णव ने कहा कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए पिछले साल 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक विशेष ट्रेनों के करीब आठ हजार फेरे चलाए गए और करीब 1 दशमलव 8 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान रेलवे ने 17 हजार से अधिक ट्रेनें चलाईं, जिनसे करीब 4 दशमलव 24 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर दिया। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

********************

नगर निगम कर्मियों का 5 मार्च से जारी अनिश्चितकालीन अनशन आज आठवें दिन समाप्त हो गया। निगम प्रशासन के अप्रैल से फैमिली पेंशन देने के आश्वासन के बाद कर्मियों ने अनशन खत्म किया। हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत पहले तीन कर्मियों को दी गई पेंशन की तर्ज पर अन्य पात्र कर्मियों को भी पेंशन मिलेगी। कल कर्मियों ने आत्मदाह की चेतावनी दी थी, जिसके बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और समाधान निकाला गया।

********************

सरायकेला खरसावां के सीनी ओपी में पदस्थापित आरक्षी अनिल कुमार झा की ड्यूटी के दौरान गिरने से मौत हो गई है। घायल अवस्था में उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

*********************

देवघर जिले में वृंदावन की तर्ज पर देव बृंद होली मिलन उत्सव का आयोजन हुआ जिस में युवाओं ने गुलाल, फूलों की वर्षा और ढोल–नगाड़ों के साथ होली का आनंद लिया। युवा आइकन रोशनी केशरी ने इसे सद्भाव, भाईचारे और खुशियों को बढ़ावा देने वाला आयोजन बताया।

*********************

झारखंड में लू का खतरा बढ़ा है, और इसे लेकर मौसम विभाग ने हीट वेव अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 14 मार्च को पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम में लू की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही 15 और 16 मार्च को गढ़वा, पलामू, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम में लू चलने की संभावना है। लोगों से दोपहर में बाहर न निकलने और सावधानी बरतने की अपील की गई है।

*****समाप्त*****